# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मांगरोल, जिला बारां (राज०)

**बइजलास अंजना सहरावत (आर.ए.एस)**

प्रकरण संख्या :– 122/2021/दावा/बउनवान/ओमप्रकाश बनाम राज0 सरकार

जीसीएमएस संख्या 2021/173

ओमप्रकाश पुत्र पन्नागिरी जाति गोराई (गुसांई) निवासी उदपुरिया तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0)

........वादी

**बनाम**

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार साहब मांगरोल जिला बारां (राज0)

........प्रतिवादी

**वाद अन्तर्गत धारा 88, 89, आर.टी.एक्ट**

वकील वादी : श्री बुद्धिप्रकाश मालव

**दायरा दिनांकः 11.10.2021** **निर्णय दिनांक : 12.02.2025**

**निर्णय**

प्रस्तुत वाद का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :–

1. यह कि वादी के पिता के खाते की आराजी ग्राम उदपुरिया में खाता संख्या 129 खसरा नम्बर 345 रकबा 0.84 है0, खसरा नम्बर 361 रकबा 0.87 है0, खसरा नम्बर 364 रकबा 0.28 कुल किता 3 कुल रकबा 1.99 है0, व ग्राम उदपुरिया तहसील मांगरोल जिला बारां राज0 में ही खाता सं0. 99 खसरा नम्बर 13 रकबा 0.08 है0, खसरा नम्बर 192 रकबा रकबा 0.75 है0, खसरा नम्बर 193 रकबा 0.89 है0, खसरा नम्बर 194 रकब 0.03 है0, खसरा नम्बर 195 रकबा 0.17 है0, खसरा नम्बर 198 रकबा 1.11 है0, खसरा नम्बर 199 रकबा 0.27 खसरा नम्बर 52 रकबा 0.08 है0, खसरा नम्बर 53 रकबा 0.07 है0, खसरा नम्बर 54 रकबा 0.06 है0, कुल किता 10 कुल रकबा 3.15 है0, स्थित है।
2. यह कि ग्राम उदपुरिया की खाता सं0. 129 किता 3 रकबा 1.99 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र जीवनगिरी दर्ज है व ग्राम उदपुरिया की ही खाता संख्या 99 किता 10 रकबा 3.51 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र देव गिरी हिस्सा 1/4 व पन्नागिरी पुत्र औकारगिरी हिस्सा 1/8 दर्ज है व ग्राम उदपुरिया की ही खाता संख्या 122 खसरा नं0. 12 रकबा 0.17 खसरा नं0. 50 रकबा 0.06 किता 2 रकबा 0.23 है0, में वादी के पिता का नाम पन्नागिरी पुत्र गणपत गिरी दर्ज है।
3. यह कि वादी के पिता पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी की दिनांक 07.09.2015 की मृत्यु हो चुकी है।
4. यह कि वादी के पिता का ग्राम उदपुरिया की खाता सं0. 129 किता 3 रकबा 1.99 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र जीवन गिरी दर्ज है व ग्राम उदपुरिया की ही खाता संख्या 99 किता 10 रकबा 3.51 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र देव गिरी व पन्ना गिरी पुत्र औकार गिरी दर्ज है। जो कि सहवन से दर्ज हो गया है। जबकि वादी के पिता का सही नाम पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी है जो कि वादी के पिता के फोटो पहचानपत्र व राशनकार्ड व सरपंच प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत उदपुरिया अनुसार भी वादी के पिता का सही नाम पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी ही है व ग्राम पंचायत ने अपने प्रमाण पत्र में यह भी स्पष्ट किया है कि पन्ना गिरी पुत्र देव गिरी व पन्ना गिरी पुत्र औकांरगिरी व पन्ना गिरी पुत्र जीवन गिरी व पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी यह सभी नाम एक ही व्यक्ति के नाम है।
5. यह कि वादी अपने पिता का ग्राम उदपुरिया की खाता सं0. 129 किता 3 रकबा 1.99 है0, व ग्राम उदपुरिया खाता सं0. 99 किता 10 रकबा 3.51 है0, में वादी अपने पिता का सही नाम पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी दर्ज करवाना चाहता है।
6. यह कि ग्राम उदपुरिया की खाता सं0. 122 खसरा नं0. 12 रकबा 0.17 खसरा नं0. 50 रकबा 0.06 किता 2 रकबा 0.23 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी दर्ज है।

अंजना सहरावत
उपखण्ड अधिकारी

Scanned by CamScanner

7. यह कि ग्राम उदपुरिया की खाता सं0. 129 किता 3 रकबा 1.99 है0, व ग्राम उदपुरिया की खाता सं0. 99 किता 10 रकबा 3.51 है0, में वादी अपने पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी सही नाम दर्ज करवाने का अधिकारी व नालिशी है।
8. यह कि आराजी ग्राम उदपुरिया की होने से न्यायालय श्रीमान को वाद–पत्र को सुनने का श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार प्राप्त है। यह कि वाद–पत्र उचित न्यायशुल्क पर अवधि महज पेश किया जा रहा है।

अतः वाद–पत्र पेश कर श्रीमान से निवेदन है कि ग्राम उदपुरिया तहसील मांगरोल जिला बारां (राज0) की खाता संख्या 129 खसरा नं0. 345 रकबा 0.84 है0, खसरा नं0. 361 रकबा 0.87 है0, खसरा नं0. 364 रकबा 0.28 कुल किता 3 कुल रकबा 1.99 है0, व खाता सं0. 99 खसरा नं0. 13 रकबा 0.08 खसरा नं0. 192 रकबा 0.75 खसरा नं0. 193 रकबा 0.89 खसरा नं0. 194 रकबा 0.03 है0, खसरा नं0. 195 रकबा 0.17 है0, खसरा नं0. 198 रकबा 1.11 है0, खसरा नं0. 199 रकबा 0.27 है0, खसरा नं0. 52 रकबा 0.08 है0, खसरा नं0. 53 रकबा 0.07 है0, खसरा नं0. 54 रकबा 0.06 है0, कुल किता 10 कुल रकबा 3.51 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र देव गिरी व पन्ना गिरी पुत्र औंकारगिरी व पन्ना गिरी पुत्र जीवन गिरी के स्थान पर पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी दर्ज किये जाने के आदेश प्रतिवादी तहसीलदार साहब मांगरोल को दिया जावे अन्य जो भी न्यायिक सहायता जो न्यायालय उचित समझे वह भी वादी को दिलवाई जावे।

उक्त आशय का वादपत्र प्रस्तुत होने पर प्रकरण दिनांक 11.10.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर तहसीलदार मांगरोल को तथ्यात्मक रिपोर्ट हेतु लिखा गया। तहसीलदार मांगरोल के पत्र कमांक राजस्व/2024/1412 दिनांक 16.12.2024 से रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसका विवरण निम्नानुसार है:–

1. यह है कि ग्राम उदपुरिया की आराजी खाता संख्या 99 खसरा नंबरान 13/0.08, 192/0.75 193/0.89 194/0.03 195/0.17 198/1.11 199/0.27 52/0.08 53/0.07 54/0.06 कुल किता 10 रकबा 3.51 है0, में सहखातेदार पन्ना गिरी पुत्र देव गिरी हिस्सा 1/4 एवं पन्ना गिरी पुत्र औंकार गिरी हिस्सा 1/8 जाति गुसांई दर्ज है। एवं ग्राम उदपुरिया की आराजी खाता संख्या 129 खसरा नम्बरान 345/0.84 है0, 361/0.87 है0, 364/0.28 है0, कुल किता–3 रकबा 1.99 है0, में पन्ना गिरी पुत्र जीवन गिरी दर्ज है।

   ग्राम उदपुरिया की आराजी खसरा नंबर 12/0.17 है0, एवं 50/0.06 है0, भूमि पर पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी जमाबंदी संवत् 2071–2074 में दर्ज था, जिसके स्थान पर नामान्तरण संख्या 696 दिनांक 06.11.2017 से पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी के स्थान पर इन्द्राबाई, चन्द्रकला, मंजूबाई पुत्रियां पन्ना गिरी, ओमप्रकाश पुत्र पन्ना गिरी एवं कन्याबाई पत्नी स्व. पन्ना गिरी दर्ज किया गया।
2. प्रस्तुत दस्तावेजों यथा पहचान पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र में पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी दर्ज है।
3. राजस्व रिकार्ड का अवलोकन करने पर यह पाया गया कि खसरा नंबरान 13/0.08,192/0.75,193/0.89,194/0.03,195/0.17,198/1.11,199/0.27,52/0.08, 53/0.07,54/0.06 पर सहखातेदार पन्ना गिरी वल्द औंकार गिरी एवं पन्ना गिरी वल्द देव गिरी, राजस्थान भू–प्रबन्ध विभाग जमाबंदी संवत् 2044–2063 से ही दर्ज रिकॉर्ड है जो कि वर्तमान में आदिनांक तक चलता आ रहा है।
4. दिनांक 14.11.2024 को ग्राम उदपुरिया में मौके पर पहुंचकर ग्रामवासियों से जानकारी करने पर पता चला कि पन्ना गिरी, गणपत गिरी की जैविक संतान है। गणपत गिरी के तीन भाई और थे, 1. देव गिरी 2. औंकार गिरी 3. जीवन गिरी
   ग्रामवासियान के बताए अनुसार गणपत गिरी के इन भाइयों की शादी नहीं हुई थी एवं इनकी मृत्यु होने पर इनकी पगड़ी पन्ना गिरी को बांधी जाने की जानकारी प्राप्त हुई है।

Scanned by CamScanner

अतः मुताबिक रिपोर्ट पटवारी के वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में पन्ना गिरी पुत्र देव री, पन्ना गिरी पुत्र औंकार गिरी एवं पन्ना गिरी पुत्र जीवन गिरी के स्थान पर पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी दर्ज करने की अनुशंषा की गई।

अतः पत्रावली के अवलोकन, तहसीलदार मांगरोल (लैण्ड होल्डर) की रिपोर्ट एवं संलग्न दस्तावेजों के आधार पर ग्राम उदपुरिया की शामलाती आराजी खाता संख्या 99 खसरा नंबरान 13/0.08, 192/0.75 193/0.89 194/0.03 195/0.17 198/1.11 199/0.27 52/0.08 53/0.07 54/0.06 कुल किता 10 रकबा 3.51 है0, में वादी के पिता का नाम पन्ना गिरी पुत्र देव गिरी व पन्ना गिरी पुत्र औंकार गिरी के स्थान पर पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी एवं ग्राम उदपुरिया की आराजी खाता संख्या 129 खसरा नम्बरान 345/0.84 है0, 361/0.87 है0, 364/0.28 है0, कुल किता–3 रकबा 1.99 है0, में पन्ना गिरी पुत्र जीवन गिरी के स्थान पर पन्ना गिरी पुत्र गणपत गिरी राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है, एवं इसके साथ–साथ यदि वादी के पिता के पुराने नाम को लेकर किसी प्रकार के कोई आपराधिक या अन्य विवाद न्यायालय में जैरकार हो उसके लिए वादी स्वयं जिम्मेवार होगा। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 12.02.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Scanned by CamScanner